**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**आर्थिक कार्य विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2164**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 2 दिसंबर, 2019/11 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाना है।)**

**गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही जनसंख्या**

**2164. श्री चन्देश्वर प्रसाद:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मुद्रास्फीति दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और सरकार का मूल्य नियंत्रण तंत्र पूरी तरह से विफल साबित हुआ है;

(ख) यदि हां, तो क्या महंगाई के कारण गरीबों की संख्या बढ़ रही है; और

(ग) यदि हां, तो गरीबी रेखा निर्धारित करने हेतु क्या मापदंड है और गरीब लोगों की श्रेणी में आने वाली जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (ग): जी, नहीं। विगत 3 वर्षों तथा वर्तमान वर्ष में अक्तूबर 2019 तक के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्त (सीपीआई-सी) मुद्रास्फीति को सारणी-1 में देखा जा सकता है।

**सारणी I: उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्त (सीपीआई-सी) मुद्रास्फीति**

| | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | अप्रैल-अक्तूबर, 2019 |
|---|---|---|---|---|
| **सीपीआई-सी मुद्रास्फीति (प्रतिशत)** | **4.5** | **3.6** | **3.4** | **3.5** |

स्रोत: सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।

*****